अभ्यास प्रश्न पत्र

**Practice Paper**

**IX**

सामाजिक विज्ञान

**Social Science**

समय 90 मिनट | पूर्णांक 40

सामान्य निर्देशः

I. इस प्रश्न पत्र में कुल 4 खण्ड है। सभी खण्ड अनिवार्य हैं।
II. इस प्रश्न पत्र में कुल 60 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनको 4 खण्डों क, ख, ग और घ में विभाजित किया गया है।
III. खंड क में कुल 24 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 20 प्रश्नों को हल कीजिए।
IV. खंड ख में कुल 22 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 18 प्रश्नों को हल कीजिए।
V. खंड ग में स्रोत आधारित कुल 12 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों को हल कीजिए।
VI. खंड घ में मानचित्र अधारित 2 प्रश्न हैं। दोनों प्रश्न अनिवार्य हैं।
VII. प्रत्येक प्रश्न 0.8 अंक का है।
VIII. प्रत्येक प्रश्न में 4 विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से आपको केवल एक विकल्प का चयन करना है।
IX. ऋणात्मक अंकन ( नेगेटिव मार्किंग) का प्रावधान नहीं है।

***General Instructions:***

I. There are four sections in this question paper. All the sections are compulsory.
II. The question paper consists of 60 multiple choice questions divided into 4 sections A, B, C and D.
III. Section A comprises of 24 questions. Attempt any 20 questions.
IV. Section B comprises of 22 questions. Attempt any 18 questions.
V. Section C has 12 questions of source based. Attempt any 10 questions.
VI. Section D has 2 map based questions. Both questions are compulsory.
VII. Each question carries 0.8 mark.
VIII. Each question has 4 choices. You have to select any one of them.
IX. There is no negative marking.

## (खंड क)
## Section A

Q. 1. टाईद क्या था?

(A) सीधे राज्य को अदा किया जाने वाला कर
(B) फ्रांस की मुद्रा
(C) चर्च के द्वारा वसूला जाने वाला कर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

What was Tithe?

(A) Tax to be paid directly to the state.
(B) Currency of France.
(C) A Tax levied by the church.
(D) None of the Above.

Q. 2. अठारहवीं शताब्दी में फ्रांसीसी समाज़ कितने एस्टेटस में विभाजित था?

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

In the Eighteenth Century French society was divided into how many Estates?

(A) One
(B) Two
(C) Three
(D) Four

Q. 3. गलत मिलान की पहचान कीजिए-

(A) रोबेस्प्येर- शासक
(B) लुई XVI- शासक
(C) जॉन लॉक- शासक
(D) नेपोलियन- शासक

Find the **INCORRECT** Match.

(A) Robespierre – Ruler
(B) Louis XVI – Ruler
(C) John Locke – Ruler
(D) Napoleon - Ruler

Q. 4. अपनी पूंछ मुह में लिए हुए साँप प्रतीक है-

(A) आज़ादी का
(B) सनातनता का
(C) ज्ञान का
(D) एकता का

Snake biting its tail symbolizes-

(A) Freedom
(B) Eternity
(C) Knowledge
(D) Unity

Q. 5. दासों की आज़ादी का प्रतीक है-

(A) टूटी हुई जंजीर
(B) डैने वाली स्त्री
(C) त्रिभुज के अंडर रोशनी बिखेरती आँख
(D) इनमें से कोई नहीं

The symbol for Freedom of slaves is-

(A) The broken Chain
(B) Winged woman
(C) The eye within a triangle radiating light
(D) None of these

Q. 6. सही मिलान की पहचान कीजिए

(A) माउंट एवरेस्ट - भारत
(B) धौलागिरि - भारत
(C) मकालु - भारत
(D) कामेट - भारत

Find the **CORRECT** Match.

(A) Mount Everest - India
(B) Dhaulagiri - India
(C) Makaalu – India
(D) Kamet – India

Q. 7. मेरा मित्र एक ऐसे देश का निवासी है जिसके देश की सीमा भारत के साथ नहीं लगती। निम्नलिखित में से वह किस देश का निवासी होगा-

(A) भूटान
(B) ईरान
(C) बांग्लादेश
(D) नेपाल

My friend hails from a country that does not share its boundary with India. Identify the country.

(A) Bhutan
(B) Iran
(C) Bangladesh
(D) Nepal

Q. 8. $82^0 30'$ पूर्वी देशांतर कहलाती है-

(A) कर्क रेखा
(B) भारत का मानक मध्याह्न
(C) श्रीलंका का मानक मध्याह्न
(D) मकर रेखा

$82^0 30'$ East Longitude is called-

(A) Tropic of Cancer
(B) Prime Meridian of India
(C) Prime Meridian of Sri Lanka

(D) Tropic of Capricorn

Q. 9. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की सीमा पाकिस्तान से नहीं मिलती?

(A) पंजाब
(B) हिमाचल प्रदेश
(C) राजस्थान
(D) गुजरात

Which of the following state of India does not share its boundary with Pakistan?

(A) Punjab
(B) Himachal Pradesh
(C) Rajasthan
(D) Gujarat

Q. 10. अरब सागर स्थित है-

(A) भारत के पूर्व में
(B) भारत के पश्चिम में
(C) भारत के उत्तर में
(D) भारत के दक्षिण में

The Arabian sea is located in the-

(A) East of India
(B) West of India
(C) North of India
(D) South of India

Q. 11. हिमालय के सबसे उत्तरी श्रृंखला को कहा जाता है-

(A) हिमाचल
(B) नीलगिरी
(C) शिवालिक
(D) हिमाद्रि

The northernmost range of the Himalayas is called-

(A) Himachal
(B) Nilgiris
(C) Shivalik
(D) Himadri

Q. 12. भांगर है-

(A) नए जलोढ़ मैदान
(B) पुराने जलोढ़ मैदान
(C) नदियों की आखिरी अवस्था
(D) दो नदियों के बीच की भूमि

'Bhangar' is-

(A) New Alluvial plains
(B) Old alluvial plains
(C) Last stage of rivers
(D) Land between two rivers

Q. 13. निम्नलिखित में से किसने 2002 में पाकिस्तान में 'लीगल फ्रेमवर्क ऑर्डर' लागू किया था?

A. जिया उल हक़
B. मोहम्मद नासिर
C. परवेज़ मुशर्रफ
D. इनमें से कोई नहीं

Which among the following issue ‘Legal Framework order’ in 2002 in Pakistan.

A. Jia ul Haq
B. Mohammad Nasir
C. Pervez Musharraf
D. None of these

Q. 14. किस प्रकार की सरकार में शासक लोगों द्वारा चुने जाते है?

(A) निरंकुश
(B) लोकतान्त्रिक
(C) राजशाही
(D) उपरोक्त सभी

In which form of government rulers are elected by the people?

(A) Autocracy
(B) Democracy
(C) Kingship
(D) All of these

Q. 15. किसी देश में केवल एक हीं दल के सदस्यों को चुनाव में खड़े होने का अधिकार प्राप्त है। इस प्रकार के चुनाव के बाद बनी हुई सरकार कहलाएगी-

(A) लोकतांत्रिक
(B) गैर- लोकतांत्रिक
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

In a country only a particular party members are allowed to contest in an election. The government formed through this type of election will be a-

(A) Democratic government
(B) Non-democratic government
(C) Both A and B
(D) None of these

Q. 16. सऊदी अरब में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार कब मिला?

(A) 1948
(B) 2005
(C) 2015
(D) 2010

In which year the women in Saudi Arabia got right to vote?

(A) 1948
(B) 2005
(C) 2015
(D) 2010

Q. 17. निम्नलिखित में से किसने स्वतन्त्रता के बाद भारतीय रियासतों के विलय में निर्णायक भूमिका निभाई?

(A) अबुल कलाम आज़ाद
(B) टी.टी. कृष्णामाचारी
(C) जयपाल सिंह
(D) सरदार वल्लभभाई झावरभाई पटेल

Which among the following played a decisive role in the integration of the princely states of India after Independence?

(A) Abul Kalam Azad
(B) T.T. Krishnamachari
(C) Jaipal Singh
(D) Sardar Vallabhbhai Jhaverbhai Patel

Q. 18. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?

(A) एच. सी. मुखर्जी
(B) राजेंद्र प्रसाद
(C) अबुल कलाम आज़ाद
(D) महात्मा गांधी

Who was the President of the constituent assembly?

(A) H.C. Mookherjee
(B) Rajendra Prasad
(C) Abul Kalam Azad
(D) Mahatma Gandhi

Q. 19. संविधान सभा ने किस वर्ष संविधान को अंगीकृत किया गया?

(A) 1949
(B) 1947
(C) 1946
(D) 1935

When did Constituent Assembly adopt the constitution?

(A) 1949
(B) 1947
(C) 1946
(D) 1935

Q. 20. निम्नलिखित में से कौन सा उत्पादन का कारक है?

(A) भूमि
(B) श्रम
(C) पूँजी
(D) उपरोक्त सभी

Which among the following is a factor of production?

(A) Land
(B) Labour
(C) Capital
(D) All of the above.

Q. 21. निम्नलिखित में से कौन सी आर्थिक क्रिया पालमपुर गाँव में की जाती है?

(A) कृषि
(B) परिवहन
(C) लघु एवं कुटीर उद्योग
(D) उपरोक्त सभी

Which among the following economic activities are done in Palampur Village?

(A) Agriculture
(B) Transportation
(C) Small and cottage scale industry
(D) All of the above

Q. 22. कमल मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता है। बताइए वह किस क्षेत्रक से जुड़ा हुआ है?

(A) प्राथमिक क्षेत्रक
(B) द्वितीयक क्षेत्रक
(C) तृतीयक क्षेत्रक
(D) इनमें से कोई नहीं

Kamal works as potter. State he is engaged in which sector-

(A) Primary Sector
(B) Secondary sector
(C) Tertiary sector
(D) None of these

Q. 23. समिधा एक कामकाजी महिला है। उसे सवैतनिक अवकाश और सामाजिक सुरक्षा (बीमा, ग्रेच्युटी) प्राप्त है। बताइए वह रोजगार के किस क्षेत्र में काम करती है?

(A) संगठित क्षेत्र
(B) असंगठित क्षेत्र
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

Samidha is a working woman. She gets paid leaves and Social security (insurance, gratuity etc). State in which sector of employment she is engaged in-

(A) Organised Sector
(B) Unorganised sector
(C) Both A and B
(D) None of these

Q. 24. निम्नलिखित में से कौन सा HYV बीजों का अवगुण है?

(A) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग
(B) भौम जलस्तर में कमी
(C) भूमि की उर्वरता में कमी
(D) उपरोक्त सभी

Which of the following is the demerit of HYV seeds-

(A) Excessive use of fertilizers
(B) Decreases the water table
(C) Decreases the fertility of soil
(D) All of these

## (खंड ख)

## Section B

Q. 25. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

**अभिकथन (A)** : भारत एक लोकतान्त्रिक देश है।

**कारण (R)** भारत में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि सारे निर्णय लेते हैं।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

**Assertion (A):** India is a democratic country.

**Reason (R):** In India, elected representatives by people to take all the decisions.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true and but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 26. सही मिलान कीजिए और विकल्प में से सही उत्तर चुनिए–

| क्र. सं | स्तम्भ– A | क्र. सं | स्तम्भ– B |
|---|---|---|---|
| I. | गणतंत्र | A. | नागरिक कैसा सोचे, किस तरह अपने विचारों को अभिव्यक्त करे और अपने विचारों पर अमल करे इसपर कोई अनुचित पाबंदी नहीं होगी |
| II. | स्वतंत्रता | B. | नागरिकों के साथ उनकी जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। |
| III. | न्याय | C. | भारत का प्रमुख लोगों द्वारा चुना होगा न की किसी वंश या राज खानदान का |

विकल्प–

(A) I-C, II-A , III-B,
(B) I-A, II-C , III-B,
(C) I-B, II-C , III-A,
(D) I-C, II-B , III-A,

Match the following and choose the correct answer from the options given below-.

| Sl. No. | Column- A | Sl. No. | Column- B |
|---|---|---|---|
| I. | Republic | A. | There is no unreasonable restrictions on the citizen in what they think, how they wish to express their thoughts. |
| II. | Liberty | B. | Citizen cannot be discriminated on the ground of Caste religion and Gender. |
| III. | Justice | C. | The head of state is an elected person not a hereditary position. |

Options-

(A) I-C, II-A , III-B,
(B) I-A, II-C , III-B,
(C) I-B, II-C , III-A,
(D) I-C, II-B , III-A,

Q. 27. निम्नलिखित में से किस देश से प्रेरणा लेकर समकालीन दुनिया के अधिकांश देश अपने संविधान की शुरुआत एक प्रस्तावना से करते है?

A. फ्रांस
B. भारत
C. संयुक्त राज्य अमेरिका
D. ब्रिटेन

Taking inspiration from which of the following country, most of the contemporary world have chosen to begin their constitution with preamble?

A. France
B. India
C. United States of America
D. Britain

Q. 28. भारत एक पंथ निरपेक्ष देश है, का अर्थ है-

A. लोगों का अपने मामले से जुड़े हर फैसले लेने का अधिकार है।
B. नागरिकों को किसी भी धर्म को मानने की पूरी स्वतन्त्रता है।
C. शासन का प्रमुख नागरिकों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति है।
D. इनमें से कोई नहीं

India is a secular country, means-

A. People have supreme authority to take decision on every matter related to them.
B. Citizens have complete freedom to follow any religion.
C. The head of the state is an elected person.
D. None of these

Q. 29. एक लोकतांत्रिक देश में उसके प्रत्येक नागरिक के वोट का मूल्य का मूल्य होता है-

(A) समान
(B) असमान
(C) कभी समान, कभी असमान
(D) इनमें से कोई नहीं

In a democratic country the value of vote of each citizen is-

(A) Equal
(B) Unequal
(C) Sometime equal some time unequal
(D) None of these

Q. 30. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

**अभिकथन (A)** : चीन एक अलोकतांत्रिक देश है।

**कारण (R)** : चीन के लोगों के पास चुनाव में कोई विकल्प नहीं होता है।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

**Assertion (A):** China is called a non-democratic country.

**Reason (R):** People do not have choice in the election.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true and but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 31. निम्नलिखित में से लोकतंत्र के पक्ष में कौन सा तर्क उचित है?

I. बेहतर निर्णय लेने की संभावना होती है।
II. नागरिकों का सम्मान बढ़ाता है।
III. निर्णय लेने में देरी होती है।

विकल्प-

(A) केवल I
(B) केवल I और II
(C) केवल I और III
(D) सभी I, II और III

Which of the following is valid argument in favour of democracy?

I. Improves the quality of decision making
II. Enhances the dignity of citizens
III. Leads to delay in decision making

Options-

(A) Only I
(B) Only I and II
(C) Only I and III
(D) All I, II and III

Q. 32. आज़ादी की लड़ाई के दौरान भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस नेता ने आठ अन्य नेताओं के साथ मिलकर 1928 में भारत का संविधान बनाया था?

(A) जवाहर लाल नेहरू
(B) मोती लाल नेहरू
(C) महात्मा गांधी
(D) भगत सिंह

In 1928 which of the following Indian National Congress leader drafted Indian constitution along with eight other congress leaders?

(A) Jawaharlal Nehru
(B) Motilal Nehru
(C) Mahatma Gandhi
(D) Bhagat Singh

Q. 33. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

**अभिकथन (A)** : अरुणाचल प्रदेश और गुजरात के स्थानीय समय में दो घंटे का अंतर है।

**कारण (R)** : भारत की मानक समय रेखा का मान $82^0$ 30’ हैं।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

**Assertion (A):** There is a difference of two hours between the local time of Arunachal Pradesh and Gujarat.

**Reason (R):** The Prime Meridian of India is $82^0$ 30'.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 34. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत के संबंध में सही है?

(A) यह दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है।
(B) क्षेत्रफल की दृष्टि से यह विश्व का सातवाँ बड़ा देश है।
(C) मकर रेखा इसे लगभग दो बराबर हिस्सों में बाँटती है।
(D) अटलांटिक महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति है।

Which of the following statement is true in relation to India?

(A) It is located in the Southern Hemisphere.
(B) In terms of area it is the seventh largest country of the world.
(C) Tropic of Capricorn divides it into almost two equal halves.
(D) India has central location in the Atlantic Ocean.

Q. 35. नीचे दी गई विशेषताओं के आधार पर पहचान कीजिए कि यह भारत का कौन सा भौतिक स्वरूप है?

| | | |
|---|---|---|
| यह एक मेज़ की आकृति वाला स्थल है। | यह पुराने आग्नेय तथा रूपांतरित शैलों से बना है। | इसके दो मुख्य भाग हैं- मध्य उच्च भूमि और दक्कन का पठार |

(A) उत्तरी मैदान
(B) प्रायद्वीपीय पठार
(C) तटीय मैदान
(D) हिमालय पर्वत शृंखला

Identify the physiographic division of India on the basis of features given below-

| | | |
|---|---|---|
| It is table land shaped. | It is composed of old crystalline igneous and metamorphic rocks. | It consists of two major division- the Central Highland and the Deccan Plateau. |

(A) The Northern Plains
(B) The Peninsular Plateau
(C) The Coastal plains
(D) The Himalayan Mountain

Q. 36. 'बरकान' क्या है?

(A) पहाड़ों पर स्थित घास के मैदान
(B) बालू के अर्धचंद्राकार टीले
(C) पश्चिमी तट का एक पत्तन
(D) खारे पानी की झील

What is 'Barchans'?

(A) Meadows in the hilly areas
(B) Crescent-shaped dunes
(C) A port on the Western coast
(D) Salt water lake

Q. 37. निम्नलिखित में से कौन सा द्वीप प्रवालों से बना है?

(A) अंडमान
(B) निकोबार
(C) लक्षद्वीप
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following island of India is formed by the corals?

(A) Andaman
(B) Nicobar
(C) Lakshadweep
(D) None of these

Q. 38. गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिम तटीय पट्टी कहलाती है?

(A) उत्तरी सरकार
(B) कोंकण
(C) कन्नड
(D) मालाबार

The western coastal strip located in the south of Goa is called-

(A) Northern circar
(B) Konkan
(C) Kannad
(D) Malabar

Q. 39. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए

**अभिकथन (A)** : भूमि उत्पादन का एक प्रमुख कारक है।

**कारण (R)** : भूमि दुर्लभ और सीमित है।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

**Assertion (A)**: Land is an important factor of production.

**Reason (R)**: Land is rare and limited.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true and but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 40. निम्नलिखित में से गलत कथन की पहचान कीजिए-
(A) कच्चा माल, कार्यशील पूंजी का उदाहरण है।
(B) भवन, कार्यशील पूँजी का उदाहरण है।
(C) औज़ार, स्थायी पूँजी का उदाहरण है।
(D) नकद मुद्रा कार्यशील पूँजी का उदाहरण है।

Identify the Incorrect statement from the following-
(A) Raw material is an example of working capital.
(B) Building is an example of working capital.
(C) Tools are an example of fixed capital.
(D) Cash is an example of working capital.

Q. 41. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए

**अभिकथन (A)** : गाँवों में मौसमी बेरोजगारी अधिक पाई जाती है।

**कारण (R)** : ज़्यादातर लोग कृषि पर आश्रित होते है।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

Assertion (A): Seasonal unemployment is found in abundance in the villages.

Reason (R): Most of the people are dependent on agriculture.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 42. खाद्यानों के उपज में वृद्धि संभव हुई-
(A) हरित क्रांति के द्वारा
(B) नीली क्रांति के द्वारा
(C) श्वेत क्रांति के द्वारा
(D) पीली क्रांति के द्वारा

Increase in the production of food grain was possible due to-
(A) Green Revolution
(B) Blue Revolution
(C) White Revolution
(D) Yellow Revolution

Q. 43. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

**अभिकथन (A)** : फ्रांस में बढ़ते करों से सबसे ज्यादा तीसरा एस्टेट प्रभावित थे।।

**कारण (R)** : फ्रांस में केवल तीसरे एस्टेट को हीं कर देना होता था।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option:

**Assertion (A):** The third estate was most affected by the rising taxes in France.

**Reason (R):** Taxes had to be paid by only Third Estates in France.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true and but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect
(D) A is incorrect but R is correct.

Q. 44. नीचे कथन (A) और कारण (R) दिये गए हैं। इन कथनों को पढ़कर नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

**अभिकथन (A)** : फ्रांस में 1793 से 1794 तक के काल को आतंक का युग कहा जाता है।

**कारण (R)** : रोबेस्प्येर नें दंड और नियंत्रण की सख्त नीति अपनाई।

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statement and choose the correct option-

**Assertion (A)**: The period from 1793 to 1794 is referred to as the Reign of Terror.

**Reason (R):** Robespierre followed a policy of severe control and punishment.

**Option**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true and but R is not the correct explanation of A.
(C) A is Correct and R is Incorrect.
(D) A is Incorrect but R is Incorrect.

Q. 45. 'महिला एवं नागरिक अधिकार घोषणापत्र' किसने तैयार किया था?
(A) रोबेस्प्येर
(B) ओलम्प दे गूज़
(C) कार्ल मार्क्स
(D) मेरी एंतोंएनेत

Who prepared 'Declaration of the Rights of Women and Citizen'?
(A) Robespierre
(B) Olympe de Gouges
(C) Karl Marx
(D) Marie Antoinette

Q. 46. सही मिलान कीजिए और विकल्प में से सही उत्तर चुनिए-

| क्र. सं | स्तम्भ- A | क्र. सं | स्तम्भ- B |
|---|---|---|---|
| I. | राजदंड | A. | कानून की नज़र में सब बराबर हैं |
| II. | लाल फ्राइजियन टोपी | B. | कानून का मानवीय रूप |
| III. | डैने वाली स्त्री | C. | दासों द्वारा स्वतंत्र होने के बाद पहनी जाने वाली टोपी |
| IV. | विधि पट | D. | शाही सत्ता का प्रतीक |

विकल्प-

(A) I-A, II-B , III-C, IV-D
(B) I-A, II-C , III-B, IV-D
(C) I-D, II-B , III-C, IV-A
(D) I-D, II-C , III-B, IV-A

Match the following and choose the correct answer from the options given below-.

| Sl. No. | Column- A | Sl. No. | Column- B |
|---|---|---|---|
| I. | Sceptre | A. | All are equal before law |
| II. | Red Phrygian cap | B. | Personification of Law |
| III. | The winged women | C. | Cap worn by a slave upon becoming free |
| IV. | The Law Tablet | D. | Symbol of Royal Power |

Options-

(A) I-A, II-B , III-C, IV-D
(B) I-A, II-C , III-B, IV-D
(C) I-D, II-B , III-C, IV-A
(D) I-D, II-C , III-B, IV-A

## (खंड ग)

## Section C

स्रोत-1 (Source-1)

शहरों और कस्बों में बड़ी फैक्ट्रियों में होने वाले विनिर्माण के विपरीत पालमपुर में विनिर्माण में बहुत सरल उत्पादन विधियों का प्रयोग होता है और उसे छोटे पैमाने पर ही किया जाता है। विनिर्माण कार्य पारिवारिक श्रम की सहायता से अधिकतर घरों या खेतों में किया जाता है। श्रमिकों को कभी-कभार ही किराए पर लिया जाता है। पालमपुर में ज्यादा लोग व्यापार नहीं करते। पालमपुर के व्यापारी भी दुकानदार है जो शहरों के थोक बाजारों से कई प्रकार की वस्तुएं खरीदते हैं और उन्हें गाँव में लाकर बेचते हैं। गाँव में छोटे जनरल स्टोरों में चावल, गेहूं, चाय, तेल, बिस्किट, मोमबत्तियां, कॉपी-पेंसिल यहां तक कि कुछ कपड़े भी बिकते हैं। कुछ परिवारों ने, जिनके घर बस स्टैंड के निकट हैं, अपने घर के एक भाग में छोटी दुकान खोल ली है। वे खाने की चीजें बेचते हैं। पालमपुर और रायगंज के बीच सड़क पर कई प्रकार के वाहन चलते हैं। रिक्शावाले, तांगेवाले, जीप, ट्रैक्टर, ट्रक ड्राइवर तथा परंपरागत बैलगाड़ी और दूसरी गाड़ियां चलाने वाले वे लोग हैं जो परिवहन सेवाओं में शामिल है। वे लोगों और वस्तुओं को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाते हैं और इसके बदले में उन्हें पैसे मिलते हैं। गत कई वर्षों में परिवहन से जुड़े लोगों की संख्या बहुत बढ़ गई है।

Unlike the manufacturing that takes place in the big factories in the towns and cities, manufacturing in Palampur involves very simple production methods and are done on a small scale. They are carried out mostly at home or in the fields with the help of family labour. Rarely are labours hired. People involved in trade are not many in Palampur. The traders of Palampur are shopkeepers who buy various goods from wholesale markets in the cities and sell them in the village. Small general stores in the village selling a wide range of items like rice, wheat, sugar, tea, oil, biscuit, candles, notebooks, pen, pencil even some clothes. A few families whose houses are close to the bus stand have used a part of the space to open small shops. They sell eatables. There are varieties of vehicles on the road connecting Palampur to Raiganj. Rikshawala, Tongawala, Jeep, tractor, truck drivers and people driving the traditional bullock cart and Boogie are people in the transport services. They ferry people and goods from one place to another and in return get paid for it. The number of people involved in transport has grown over the last several years.

Q. 47. पालमपुर मे विनिर्माण होता है?

(A) छोटे स्तर पर (B) बड़े स्तर पर
(C) विनिर्माण नहीं होता है (D) इनमें से कोई नहीं

Manufacturing in Palampur occurs at-

(A) Small scale (B) Large scale
(C) No manufacturing occurs (D) None of these

Q. 48. निम्नलिखित में से कौन पालमपुर में गैर-कृषि क्रियाओं का उदाहरण नहीं है?

(A) दुकानदारी
(B) परिवहन सेवा
(C) पशुपालन
(D) फसल उगाना

Which of the following is not an example of non agricultural activities?

(A) Shopkeeping
(B) Transportation service
(C) Animal husbandry
(D) Growing crop

Q. 49. पालमपुर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(I) विनिर्माण कार्य बड़े पैमाने पर होता है।
(II) विनिर्माण कार्य पारिवारिक श्रम की सहायता से किया जाता है।
(III) विनिर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर श्रमिकों को रखा जाता है।
विकल्प-
(A) केवल I
(B) केवल II
(C) केवल I और III
(D) सभी I, II और III

Which of the following is true in context of Palampur?

(I) Maufacturing work is done on large scale
(II) Manufacturing is done with the help of family labour.
(III) Labours are hired on a large scale in manufacturing work.
Options-
(A) Only I
(B) Only II
(C) Only I and III
(D) All I, II and III

Q. 50. परिवहन से जुड़े लोगों का क्या कार्य है?

(A) लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना
(B) वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the work of people involved in transportation?

(A) Ferry people from one place to another
(B) Ferry goods from one place to another
(C) Both A and B
(D) None of these

Q. 51. पालमपुर में निम्नलिखित में से कौन सी आर्थिक क्रिया का उदाहरण है?

(A) दुकानदारी
(B) विनिर्माण कार्य
(C) परिवहन सेवा
(D) उपरोक्त सभी

Which of the following is an example of economic activities in Palampur?

(A) Shopkeeping

(B) Manufacturing
(C) Transportation service
(D) All of the above

Q. 52. पालमपुर और रायगंज के बीच निम्नलिखित में से कौन सा परिवहन का साधन उपयोग में नहीं लाया जाता है-

(A) रिक्शा
(B) तांगा,
(C) बैलगाड़ी
(D) हवाई जहाज़

Which of the following means of transportation is not used between Palampur and Raiganj-

(A) Rickshaw
(B) Tonga
(C) Bullock cart
(D) Aeroplane

**स्रोत-2 (Source-2)**

18वीं सदी में एक नए सामाजिक समूह का उदय हुआ जिसे मध्य वर्ग कहा गया, जिसने फैलते समुद्रपारीय व्यापार और ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों के उत्पादन के बल पर संपत्ति अर्जित की थी। ऊनी और रेशमी कपड़ों का या तो निर्यात किया जाता था या समाज के समृद्ध लोगों उसे खरीद लेते थे। तीसरे एस्टेट में इन सौदागरों एवं निर्माताओं के अलावा प्रशासनिक सेवा व वकील जैसे पेशेवर लोग भी शामिल थे। यह सभी पढ़े लिखे थे और उनका मानना था कि समाज के किसी भी समूह के पास जन्मना विशेषाधिकार नहीं होने चाहिए। किसी भी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत का आधार उसकी योग्यता ही होनी चाहिए। स्वतंत्रता, समान नियमों तथा समान अवसरों के विचार पर आधारित समाज की परिकल्पना दार्शनिकों ने प्रस्तुत की थी। राजा के दैवीय और निरंकुश अधिकारों के सिद्धांत का खंडन किया गया। अपनी रचना 'द स्पिरिट ऑफ द लाज़' में मोंतेस्क्यू ने सरकार के अंदर विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता विभाजन की बात कही।

The eighteenth century witnessed the emergence of social groups, termed the middle class, who earned their wealth through an expanding overseas trade and from the manufacture of goods such as woolen and silk textiles that were either exported or bought by the richer members of society. In addition to merchants and manufacturers the third estate included professions such as lawyers or administrative officials. All of these were educated and believed that no group in society should be privileged by birth. Rather a person's social position must depend on his merit. These ideas in envisaging a society, based on freedom and equal laws and opportunity for all, were put forward by philosophers. The doctrine of divine and absolute right of the monarch was refuted. The division of power within the government between the legislative, the executive and the Judiciary was proposed in 'The Spirit of the Laws' written by Montesquieu.

Q. 53. मध्य वर्ग खिलाफ थे-

(A) सामाजिक समानता के
(B) जन्म आधारित विशेषाधिकार के
(C) समान अवसरों के
(D) स्वतन्त्रता के

Middle class was against-

(A) Social equality
(B) Privilege by birth

(C) Equal opportunity (D) Liberty

Q. 54. सरकार के अंदर सत्ता विभाजन का मत किसने प्रस्तुत किया?

(A) कुलीनों ने
(B) फ्रांस के सम्राट ने
(C) जॉन लॉक ने
(D) मोंतेस्क्यू ने

Who proposed the idea of the division of power within the government?

(A) Nobles
(B) King of France
(C) John Locke
(D) Montesquieu

Q. 55. निम्नलिखित में से कौन मध्यम वर्ग का भाग नहीं था?

(I) सौदागर
(II) मजदूर
(III) प्रशासनिक सेवा में लगे लोग
(IV) वकील

विकल्प–

(A) केवल I और II
(B) केवल II
(C) केवल I और III
(D) केवल II और IV

Which of the following was not a part of middle class?

(I) Merchants
(II) Labours
(III) Administrative officials
(IV) Lawyers

Options-

(A) Only I and II
(B) Only II
(C) Only I and III
(D) Only II and IV

Q. 56. किसी भी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत का आधार उसकी योग्यता ही होनी चाहिए। इस मत का समर्थन इनमें से किसने नहीं किया?

(A) कुलीनों ने
(B) मध्य वर्ग के लोगों ने
(C) A और B दोनों ने
(D) इनमें से कोई नहीं

'A person's social position must depend on his merit.' Who were not in favour of this

notion?

(A) Nobles
(B) Middle class
(C) Both A and B
(D) None of these

Q. 57. मध्य वर्ग ने संपत्ति अर्जित की थी-

(A) समुद्रपारीय व्यापार से (B) रेशमी वस्त्र व्यापार से
(C) ऊनी वस्त्र व्यापार से (D) उपरोक्त सभी

Middle class earned their wealth through-

(A) Overseas trade (B) Silk cloth trade
(C) Woolen cloth trade (D) All of the above

Q. 58. निम्नलिखित में से कौन सा कथन मध्य वर्ग के संबंध में सत्य नहीं है-

(A) ये पढ़े-लिखे थे।
(B) उनका मानना था कि समाज में जन्म आधारित विशेषाधिकार होने चाहिए।
(C) उनका मानना था कि सामाजिक हैसियत का आधार उसकी योग्यता होनी चाहिए।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।


Which of the following statement is not true in context of Middle class--

(A) They were educated.
(B) They believed privileges by both should be there in the society.
(C) They believed that a person’s social position must depend on his merit.
(D) None of the above

## (खंड घ)
## Section D

भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थान A और B अंकित हैं। दी गई जानकारी के आधार पर दिए गए उन स्थानों की पहचान कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए-

Two places A and B are marked on the political outline map of India. Identify these places on the basis of information given below and choose the correct option-




Q. 59. भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर संकेत A उस राज्य की राजधानी है जिस राज्य में ये अंकित है। राजधानी का नाम विकल्प में से पहचान कर लिखिए-

(A) भुवनेश्वर
(B) कोलकाता
(C) जयपुर
(D) राँची

On the given political map of India A is marked as the capital of that state in which it is marked. Identify it from the following options-

(A) Bhubaneswar
(B) Kolkata
(C) Jaipur
(D) Ranchi

नोटः नीचे दिए गए प्रश्न, प्रश्न संख्या 59 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।

Note: the following Questions are **for the Visually Impaired students only in lieu of Question no. 59**.

भारत के झारखंड राज्य की राजधानी क्या है?

(A) भुवनेश्वर
(B) कोलकाता
(C) जयपुर
(D) राँची

What is the capital of the Indian state Jharkhand?

(A) Bhubaneswar
(B) Kolkata
(C) Jaipur
(D) Ranchi

Q. 60. भारत के उसी राजनीतिक मानचित्र पर संकेत B एक पर्वत चोटी है। इसका नाम विकल्प में से पहचान कर लिखिए-

(A) अनाई मूडी
(B) K-2
(C) कंचनजंगा
(D) नंदा देवी

On the same political Map of India B is marked as a mountain Peak. Identify it from the following options-

(A) Anai Mudi
(B) K-2
(C) Kunchenjunga
(D) Nanda Devi

नोटः नीचे दिए गए प्रश्न, प्रश्न संख्या 60 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।

Note: the following Questions are **for the Visually Impaired students only in lieu of Question no. 60**.

निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में 'कंचन जंगा' पर्वत चोटी स्थित है?

(A) लद्दाख
(B) केरल
(C) सिक्किम
(D) उत्तराखंड

In which of the following Indian state is 'Kunchenjunga' peak located?

(A) Ladhak
(B) Kerala
(C) Sikkim
(D) Uttarakhand